दिल्ली पब्लिक स्कूल, जम्मू

सत्र : 2019–20

अभ्यास–पत्र

कक्षा : दसवीं | विषय : हिन्दी

निर्देश :

1. इस प्रश्न–पत्र के चार खंड हैं– क, ख, ग और घ।
2. चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
3. यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमशः दीजिए।

खण्ड–क (अपठित बोध)

प्र1) निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर, दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिएः–

रद्दी अखबारों की ढेरी–सा
टूटे–फूटे शीशे व टीन–सा
युग की उपलब्धियों का–
माल बिक सकता?
कोई फेरी वला गुहार लगाता आए,
यह सब ले जाए,
सारा–का–सारा कबाड़ उठ जाए,
तो सजावट सुथरी होकर निखरे
हर चीज़ सही तस्तीब में लगे और सुथरे।
युग की उपलब्धियों की इस ढेरी में
टूटे–फूटे कनस्तर और डिब्बों जैसे–
मुर्झाए हुए विश्वास,
मैले–कुचैले, जीर्ण–शीर्ण चिथड़ों सा–
विकृत स्वाभिमान,
टूटी–फूटी बोतल–से
टूटे हुए सपने,
टूटे हुए बरतन सरीखे
ये अर्धसत्य–
यह ही सब लगा हुआ
रद्दी का अंबार
बेहद कूड़ा–कबाड़
निश्चय इस रद्दी का–
खरीदार आएगा,
माल इस बोरी में–
भरकर ले जाएगा,
डालेगा जाकर उस बड़े कारखाने में–
जहाँ यह नया रूप, नए रंग
लेकर ही निकलेगा।

क) विश्वास और सत्य जैसे जीवन–मूल्यों की तुलना कवयित्री ने किन–किन वस्तुओं से की है?

ख) उपलब्धियों के लिए कवयित्री ने किन उपमानों का प्रयोग किया है?

ग) कविता में युग की उपलब्धि और बड़ा कारखाना से क्या अभिप्राय है?

खण्ड–ख (व्यावहारिक व्याकरण)

प्र2) शब्द और पद में अंतर स्पष्ट कीजिए।

प्र3) क) निम्नलिखित समस्त पदों का विग्रह कीजिए तथा समास का नाम लिखिए:–
जन्मांध, राजमहल

ख) निम्नलिखित शब्दों का समस्त पद बनाकर समास का नाम लिखिए :–
रसोई के लिए घर, बंधन से मुक्त

प्र4) निम्नलिखित किन्हीं चार मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग करें :–
लोहे के चने चबाना, ठंडा पड़ना, ज़मीन पर पाँव न रखना
तलवार खींचना

खंड–ग

प्र5) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :–

क) स्वभाव को निर्मल रखने के लिए कबीर ने क्या उपाय बताया है?

ख) मीरा श्री कृष्ण को पाने के लिए क्या–क्या करने को तैयार है?

ग) 'ईश्वर कण–कण में व्याप्त है' पर हम उसे क्यों नहीं देख पाते?

प्र6) मीरा के प्रभु ने किस–किस की विपदा दूर की है? उनके प्रति मीरा की भक्ति किस प्रकार की है?

अथवा

कबीर द्वारा रचित 'साखी' का प्रतिपाद्य लिखिए।

प्र7) क) सुभाष बाबू के जलूस का भार किस पर था?

ख) छोटे भाई के मन में बड़े भाई साहब के प्रति श्रद्धा क्यों उत्पन्न हुई?

ग) धर्म तल्ले के मोड़ पर आकर जुलूस क्यों टूट गया?

प्र8) बड़े भाई साहब पाठ में समूची शिक्षा के किन तौर तरीकों पर व्यंग्य किया गया है? पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

अथवा

'डायरी का एक पन्ना' हमारे स्वतंत्रता संघर्ष का एक दर्पण है। कैसे?

खंड–घ

प्र9) दिए गए संकेतं–बिंदुओं के आधार पर निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 80 से 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए :–

क) कंप्यूटर : आज की ज़रूरत

संकेत बिंदु :– वर्तमान युग विज्ञान का युग, कंप्यूटर के लाभ–हानियाँ, सदुपयोग

ख) मेरा प्रिय खेल

संकेत बिंदु :– भूमिका– खेलों के लाभ, क्रिकेट का आरंभ, खेल के नियम, सर्वाधिक प्रिय खेल।

ग) वाणी का महत्त्व

संकेंत बिंदु :– माधुर्य जीवन का आधार, भाषा एक अनमोल वरदान, कठोर वचन का प्रभाव, उदाहरण।

प्र10) अपने क्षेत्र में बिजली की कटौती से उत्पन्न संकट की ओर अधिकारियों का ध्यान दिलाते हुए दैनिक समाचार–पत्र के संपादक को पत्र लिखिए।

प्र11) जल प्रदूषण को रोकने के लिए दो व्यक्तियों के बीच संवाद लेखन कीजिए।